भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 3020

गुरूवार, 13 अगस्त, 2026/22 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

सर्वाधिक भ्रमण किए जाने वाले पर्यटन स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना

3020 श्री अब्दुल वहाबः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत आने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की वर्ष-वार संख्या कितनी है और उनके मूल देश कौन-कौन से हैं;

(ख) विदेशी पर्यटकों के लिए शीर्ष दस स्रोत देशों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विदेशी पर्यटकों द्वारा सर्वाधिक भ्रमण किए गए पर्यटन स्थलों और उन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने विदेशी पर्यटकों की बदलती पसंद, उनके ठहरने की औसत अवधि और खर्च करने की प्रवृत्ति का कोई अध्ययन किया है; और

(ङ) जिन जगहों पर सबसे ज़्यादा विदेशी पर्यटक आते हैं, वहां पर्यटन अवसंरचनाओं को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय आप्रवासन ब्यूरो द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर भारत में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन (आईटीए) की संख्या संकलित करता है। इसमें विदेशी पर्यटकों का आगमन और भारतीय नागरिक आगमन दोनों शामिल हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष **2021 से 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन**

वर्ष	**अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन (लाख में)**
2021	70.10
2022	143.30
2023	188.99
2024	205.69
2025	202.18

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

पिछले पांच वर्षों के दौरान विदेशी पर्यटकों के शीर्ष दस स्त्रोत देशों का वर्ष-वार ब्यौरा **अनुबंध** में है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर राज्य/संघ राज्यक्षेत्र स्तर पर पर्यटक आगमन की संख्या संकलित करता है। इस जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025 में विदेशी पर्यटक यात्राओं के मामले में शीर्ष पांच राज्य/संघ राज्यक्षेत्र नीचे दिए गए हैं:

वर्ष 2025 में विदेशी पर्यटकों की यात्राओं के मामले में शीर्ष 5 राज्य/संघ राज्यक्षेत्र

श्रेणी	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	विदेशी पर्यटक यात्राएं (लाख में)
1	उत्तर प्रदेश	45.08
2	महाराष्ट्र	44.97
3	पश्चिम बंगाल	39.96
4	दिल्ली	24.27
5	गुजरात	23.40

(घ): पर्यटन मंत्रालय विदेशी पर्यटकों सहित अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की जनसांख्यिकी, यात्रा पैटर्न, व्यय और संतुष्टि के संबंध में आंकडे एकत्र करने के लिए समय-समय पर अंतर्राष्ट्रीय यात्री सर्वेक्षण करता है। आप्रवासन ब्यूरो द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर विदेशी पर्यटकों के ठहरने की औसत अवधि का समय-समय पर मूल्यांकन किया जाता है।

(ङ): पर्यटन स्थलों और उत्पादों की पहचान, विकास एवं संवर्धन एक सतत् प्रक्रिया है जो मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा की जाती है। पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन, प्रशाद, चुनौती आधारित गंतव्य विकास, पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता आदि जैसी अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करके इन प्रयासों को संपूरित करता है। इन प्रयासों में उन स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना को बढ़ाने के उपायों को भी शामिल किया गया हैं, जहां सबसे अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आते हैं।

****

अनुबंध

श्री अब्दुल वहाब द्वारा सर्वाधिक भ्रमण किए जाने वाले पर्यटन स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के संबंध में दिनांक 13.08.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3020 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

पिछले पांच वर्षों के दौरान विदेशी पर्यटकों के शीर्ष दस स्रोत देश

रैंक	**देश**	**विदेशी पर्यटक आगमन (संख्या में)**
वर्ष: 2021		
1	अमेरिका	429,860
2	बांग्लादेश	240,554
3	यूनाइटेड किंगडम	164,143
4	कनाडा	80,437
5	नेपाल	52,544
6	अफगानिस्तान	36,451
7	ऑस्ट्रेलिया	33,864
8	जर्मनी	33,772
9	पुर्तगाल	32,064
10	फ्रांस	30,374
वर्ष: 2022		
1	अमेरिका	1,403,399
2	बांग्लादेश	1,277,557
3	यूनाइटेड किंगडम	641,051
4	ऑस्ट्रेलिया	376,898
5	कनाडा	289,259
6	श्रीलंका	183,459
7	जर्मनी	141,425
8	नेपाल	138,203
9	सिंगापुर	132,668
10	मलेशिया	126,192
वर्ष: 2023		
1	बांग्लादेश	2,119,826
2	अमेरिका	1,691,498

3	यूनाइटेड किंगडम	920,591
4	ऑस्ट्रेलिया	456,167
5	कनाडा	385,938
6	श्रीलंका	280,327
7	मलेशिया	262,458
8	जर्मनी	223,575
9	नेपाल	195,445
10	फ्रांस	188,981
वर्ष: 2024		
1	अमेरिका	1,804,586
2	बांग्लादेश	1,750,165
3	यूनाइटेड किंगडम	1,022,587
4	ऑस्ट्रेलिया	518,205
5	कनाडा	476,273
6	मलेशिया	307,526
7	श्रीलंका	281,827
8	जर्मनी	256,348
9	फ्रांस	206,855
10	सिंगापुर	205,383
वर्ष: 2025		
1	अमेरिका	1,841,772
2	यूनाइटेड किंगडम	1,084,310
3	ऑस्ट्रेलिया	545,438
4	कनाडा	544,326
5	बांग्लादेश	468,621
6	मलेशिया	336,832
7	श्रीलंका	306,421
8	जर्मनी	273,526
9	जापान	219,174
10	नेपाल	218,641

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

****